तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार, 9 मई 2024



12 अक्षय तृतीया पर विवाह मुहूर्त को लेकर असमंजस...





12 वोट देने ग्रामीणों में दिखा उत्साह






## खबर संक्षेप

### 28 लीटर शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने साप्ताहिक बाजार के पास एक व्यक्ति से 28 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि राकेश साहू निवासी वार्ड नं. 07 ताजनगर सरायपाली वैदपाली साप्ताहिक बाजार के पास में अवैध रूप से देशी महुआ शराब भारी मात्रा में बिक्री करने के लिए रखा है। पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी कब्जे से 28 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 5600 रुपए को जब्त कर थाना सरायपाली में अपराध धारा 32(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### बोर्ड के नतीजे आज होंगे जारी

**महासमुंद।** माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे आज गुरुवार को दोपहर 12.30 बजे जारी किए जाएंगे। बोर्ड के मुताबिक दोनो परीक्षाओं के नतीजे एक साथ जारी किए जाएंगे। बोर्ड के नतीजे ऑफिशियल वेबसाइट रिजल्ट डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर भी देखा जा सकता है। बता दें कि विद्यार्थियों के लिए बोर्ड ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। परीक्षा शुरू होने से पहले माशिमं की ओर से जारी हेल्पलाइन में विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा एवं उससे संबंधित समस्याओं पर बात करते हैं।

### पुराने विवाद को लेकर मारपीट, अपराध दर्ज

**महासमुंद।** सिटी कातवाली थाना अंतर्गत सतबहनियां मंदिर के पास, भोई पारा में पुराने विवाद को लेकर भोजनालय से घर जा रहे एक व्यक्ति के साथ मारपीट किया गया, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। प्रार्थी होरी लाल श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि 6 मई 2024 को रात्रि में मारवाड़ी भोजनालय से काम कर वह अपनी बहू अभिलाषा श्रीवास्तव, बेटी श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास्तव के साथ वापस अपने घर की ओर जा रहा था। रात्रि करीबन 90 बजे के आसपास सतबहनियां मंदिर के पास भोई पारा में दुक्कू निषाद, मेहूल निषाद, मयंक निषाद, रूपेश निषाद द्वारा पुराने विवाद पर सभी लोग एक राय होकर उसे गालियां देकर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट कर जमीन पर पटक दिए और दुक्कू निषाद हाथ में रखे डंडा से उनके हाथ, पैर व सिर में मारकर चोट पहुंचाया गया।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम फुलवारी के जंगल रास्ते में एक आरोपी से देशी हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि अमृत जोल्हे पिता नीलकंठ जोल्हे (28) निवासी मानपुर के कब्जे से एक पीला रंग के पांच लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरकीन में करीबन 4 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब भरी हुई कीमत 1200 रुपए को जब्त कर अपराध धारा 34(1) क आबकारी एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

# लोकतंत्र के महापर्व में दुल्हन, बुजुर्ग एवं नए मतदाताओं ने भी किया मतदान


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

लोकतंत्र का महापर्व कल 7 मई को सिमगा सहित क्षेत्र के सभी ग्रामों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इस बार लोकसभा चुनाव में हर वर्ग के मतदाताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। इतनी भीषण गर्मी में भी मतदाता मतदान केंद्र में घंटों खड़े रहकर अपनी अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। मतदान केंद्रो में सुबह 6.30 बजे से ही मतदाताओं की लाइन लग गई थी। सभी मतदाताओं ने एक कतार में लगकर शांतिपूर्ण मताधिकार का प्रयोग किया।

वहीं पहली बार मतदान करने वाले नवयुवक सेल्फी जोन में फोटो लेते देखे गए उन युवाओं के चेहरे पर खुशियां दिखी, तो सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत हथबंद के नवविवाहित जोड़े 22 वर्षीय योगेश सोनी एवं 20 वर्षीय मंजू सोनी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह

ग्राम पंचायत बैकोनी की वृहस्पति बंजारे उम्र 21 वर्ष (दुल्हन) ने स्वयं की शादी के पारंपरिक कार्यक्रम से समय निकाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बुजुर्ग वर्ग भी मतदान करने में आगे दिखे। वार्ड क्रमांक 13 निवासी शांतीबाई लोधी 95 वर्ष ने भी मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपने सहभागिता निभाई। ग्राम बनसांकरा के बूथ क्रमांक 23 में ईवीएम मशीन के खराब होने कारण मतदान डेढ़ घंटे विलंब से प्रारंभ हुआ।

### बनसांकरा में ईवीएम खराब, डेढ़ घंटे विलंब से शुरू हुआ मतदान






### सुरक्षा : नये मंडी प्रांगण स्थित स्ट्रांग रूम में 4 जून को मतों की होगी गिनती

# स्ट्रांग रूम में ईवीएम की कड़ी सुरक्षा के लिए जवान रात-दिन तैनात








हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में लोकसभा मतदान के पश्चात सभी मतपेटियों के आने के बाद रायपुर लोकसभा अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार एवं जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र सामान्य प्रेक्षक कसडोल विधानसभा प्रतिनिधि रमाकांत दुबे, सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी और सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी में स्ट्रांग रूम को सील किया गया। वहां कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

**लोकसभा निर्वाचन - 2024 (End of Poll - Final Report)**

| विधानसभा क्रमांक | कुल मतदान केंद्र | Electors | | | | Voters | | | | Voter Turnout | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | अन्य | कुल | पुरूष | महिला | अन्य | कुल | पुरूष | महिला | अन्य | कुल |
| 44-कसडोल | 402 | 184411 | 184507 | 2 | 368920 | 117798 | 118320 | 0 | 236118 | 63.88% | 64.13% | 0.00% | 64.00% |
| 45-बलौदाबाजार | 306 | 142635 | 144946 | 0 | 287581 | 106073 | 104554 | 0 | 210627 | 74.37% | 72.13% | 0.00% | 73.24% |
| 46-भाटापारा | 282 | 128737 | 130372 | 12 | 259121 | 90444 | 89719 | 7 | 180170 | 70.25% | 68.82% | 58.33% | 69.53% |
| Total | 990 | 455783 | 459825 | 14 | 915622 | 314315 | 312593 | 7 | 626915 | 68.96% | 67.98% | 50.00% | 68.47% |

जिला अंतर्गत शामिल सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए विधानसभावार स्ट्रांग रूम में कसडोल, बलौदाबाजार एवं भाटापारा विधानसभा के हिसाब से अलग–अलग ईवीएम एवं वीवीपैट रखी गई हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है, जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। पूरे परिसर को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के हवाले कर दिया है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरआर दुबे, सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित समस्त लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# निवार्चन से जुड़े सभी सहयोगियों का कलेक्टर ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है। इसके लिए जिले के सभी मतदाताओं, निर्वाचन कार्मिक, अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षा बल, बीएलओ, बिहान समूह की महिला सदस्यों, एनसीसी, एनएसएस, स्कूल कालेज के छात्र छात्राओं, पत्रकारों, ग्रामीण और शहरी नागरिकों, निर्वाचन से जुड़े सभी स्तर के कर्मचारियों, सहयोगियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने



सभी साथियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा आप सभी के समर्पित प्रयासों से ही जिले में वोटिंग प्रतिशत में वृद्धि हुई है। आपके सक्रिय योगदान ने इस आयोजन को एक महत्वपूर्ण और सफल आयोजन बनाया है, जिससे हम सभी को गर्व महसूस हो रहा है।

# 46 दिनों के इंतजार बाद आज आएगा बोर्ड का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आज दसवीं एवं बारहवी कक्षा के वार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी करने वाला है। मार्च महीने में परीक्षा संपन्न होने के 46 दिनों बाद यह परिणाम जारी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले एक पखवाड़े से ही मई के शुरूआती दिनों में बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी होने की संभावना जताई जा रही थी। इस बीच बुधवार को दोपहर आदेश जारी कर यह जानकारी दी गई कि कल 9 मई को दोपहर परिणाम जारी किए जाएंगे।

# एग्जिट पोल के प्रसारण पर 1 जून तक प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत तृतीय चरण का मतदान 7 मई को संपन्न हुआ है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों के तहत किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर 19 अप्रैल से 1 जून की शाम 6.30 बजे तक प्रतिबंध है।

इस अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार–प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना में यह स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126, 1 ख के अधीन लोकसभा निर्वाचन–2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

# अवैध परिवहन में संलिप्त 1 हाईवा और 2 ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

खनिज विभाग के अधिकारी हीरादास भारद्वाज के मार्गदर्शन में उनके विभाग की टीम ने भटगांव क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। जांच के दौरान खनिज चूना पत्थर के अवैध परिवहन में संलिप्त 1 हाईवा जिसे थाना भटगांव के सुरक्षार्थ में दिया गया तथा 2 ट्रैक्टर को जब्त कर सुपुर्दगी की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खनन एवं खनिज विकास अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की जा रही है। साथ ही अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण की कार्रवाई आगे भी



निरंतर कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर की जायेगी। मौके पर निरीक्षण के दौरान खनिज टीम में दीपक पटेल, अनुराग नंद के साथ सुरक्षा बल शामिल थे।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने प्रशासन अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बाल विवाह रोकने के लिए अब जिला प्रशासन ने भी अपनी कमर कस ली है। अक्षय तृतीया के अवसर पर जिलेभर में बाल विवाह रोकने के लिए जिला से लेकर जनपद स्तर तक टीम का गठन कर दिया गया है। इस टीम कद्वारा लगातार निगरानी कर ऐसे मामलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही ग्रामीणों को बाल विवाह के खिलाफ जागरुक करने के लिए मुनादी भी कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि 10 मई को अक्षय तृतीया का पर्व बनाया

■ कलेक्टर ने बाल विवाह रोकने जिला स्तर पर टीम का किया गठन



जाना है। इस अवसर पर ढ़ेरों शादियां होती है, इसी दौरान बाल विवाह की भी शिकायतें सामने आती रही है। जिसको देखते हुए अब जिला प्रशासन अक्षय तृतीया के अवसर पर अधिक बाल विवाह होने की संभावना को रोकने के लिए अलर्ट रहने वाला है। कलेक्टर ने जिले में बाल विवाह के रोकने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति गठित का गठन किया है। बाल विवाह रोकने के लिए जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर टीम बनाई गई है। टीम के सदस्य द्वारा संभावित बाल विवाह को रोकने अपने आसपास निगरानी की जा रही है। साथ ही बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### दो साल की सजा

मिली जानकारी के अनुसार बाल विवाह हेतु वर के लिए निर्धारित आयु 21 वर्ष तथा वधु के लिए 18 वर्ष से कम उम्र में शादी करने एवं करवाने की स्थिति में सभी शामिल लोग अपराध की श्रेणी में आएंगे। इस अपराध के लिए 2 वर्ष तक कठोर करावास अथवा जुर्माना जो एक लाख रुपए तक हो सकता है या दोनों से दंडित किया जाने का प्रावधान है।


### लोगों को गर्मी से मिली राहत, गिरा तापमान

# तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ हुई बेमौसम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मंगलवार सुबह से ही बादल में काली घटाओं के साथ आंधी के साथ बेमौसम बारिश होने से तापमान में गिरावट हुई। पानी गिरने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। शाम होते ही बेमौसम बारिश रुक रुक होने लगी व जिससे लोगों ने ठंडी-ठंडी हवाओं का मजा लिया।

साथ ही गरजना व बिजली की की गड़गड़ाहट की आवाजों से बारिश होती रही। जिले में पारा लगभग 42 डिग्री तक चढ़ गया है। जिससे लोगों के जीवन मे सीधा प्रभाव पड़ रहा है। गर्मी इतना तेज हो गई है कि घर के बाहर निकलने पर त्वचा आग की लावा से जलने की भांति झुलस गयी हो। जिनके कारण



से बाहर तक निकलना लोगों के लिए बहुत बड़ी समस्या बन गई हैं। वही दैनिक वेतनभोगी, सरकारी, शासकीय व अशासकीय कर्मचारी, रोजमर्रा के रूप में काम में जाने वालों के लिए इस गर्मी में जाना कोई चुनौती से कम नहीं है। जो व्यक्ति घर से बाहर निकलते है वह सिर में बिना कपड़े ढंके नहीं निकलते। इसके अलावा कई मोटरसाइकिल चालक चिलचिलाती गर्मी के कारण हेलमेट पहन कर निकलते हैं। साथ ही अधिकतम तापमान होने पर गर्म हवाओं के चलते और भी परेशानियां बढ़ जाते है। पंखा, कूलर, एसी कुछ पल तक ही राहत है। बिजली गुल हो जाने पर गर्मी की मार असहनीय हो जाते है। ऐसे में आज बारिश होने पर लोगों का गर्मी से राहत मिली और सुकून महसूस हुआ।

### मिंजाई कर रहे किसानों का भीगा धान

लगातार खराब मौसम ने किसानों की नींद उड़ा दी है। मंगलवार को सुबह से ही बारिश का सिलसिला शुरू हो गया था। खुले में पड़े कई किसानों के धान भीग गए, वहीं खेतों में खड़ी फसल चटाई की तरह जमीन पर बिछ गई है। मौसम को देखते हुए किसान अधपके धान की भी कटाई कर रहे हैं। पिछले दो दिन से अंचल में मौसम खराब चल रहा है। सोमवार और मंगलवार को सुबह-सुबह बारिश हुई। मंगलवार को दिनभर आसमान पर बादल छाए रहे। बीच-बीच में धूप का नजारा हुआ। बताया गया है कि आगे भी मौसम ऐसा ही रहेगा। उधर खराब मौसम ने किसानों की नींद उड़ा दी है। अधिकांश किसानों ने धान को सुखाने के लिए सड़क, खुले मैदान, ब्यारा सहित अन्य स्थानों पर रखा था। अचानक हुई बारिश से कई किसानों के धान भीग गए। आनन-फानन में किसानों ने धान को झिल्ली-तिरपाल आदि से ढंका।



### कोडार बांध के पास हाथी ट्रेस वन विभाग ने किया अलर्ट

**महासमुंद।** जिले के कोडार बांध के पास रात्रि के समय राहगीरों ने एक दंतैल हाथी देखा गया है। जिसकी सूचना पर वन विभाग ने आसपास के इलाके के लिए अलर्ट जारी किया है। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक कल सुबह कोसरंगी के आसपास देखे गए हाथी की ताजा लोकेशन कोडार के आसपास मिली है वहीं बारिश की वजह से तुरंत लोकेशन पता नहीं चल पा रहा है, लेकिन कल रात 8 बजे कोडार के आसपास कुछ लोगों ने दंतैल को देखा। वन कर्मियों ने उसका मूवमेंट एनएच पार कर बिरबिरा, मालीडीह, फुसेराडीह, सिरपुर, तालाझर, केशलडीह की ओर बताया है एवं वह सिरपुर की पट्टी ओर पहुंच जाएगा। इसे लेकर सिरपुर क्षेत्र के कई ग्रामों में अलर्ट किया गया है।


## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# किरण देव बोले- सभी 11 सीटों पर खिलेगा कमल, बैज ने कहा- भाजपा से ज्यादा सीटें जीतेंगे

**तीसरे चरण के मतदान के बाद भाजपा-कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्षों का अपना-अपना दावा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में तीसरे चरण में सात सीटों पर मतदान के साथ ही प्रदेश में 11 सीटों पर चुनाव पूरा हो गया है। इसी के साथ अब भाजपा और कांग्रेस के दावे भी सामने आ रहे हैं। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने जहां सभी 11 की 11 सीटें जीतने का दावा किया है, वहीं कांग्रेस के भी प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज का कहना है, कांग्रेस इस बार भाजपा से ज्यादा सीटें जीतेगी।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने तीसरे चरण के पूर्ण हुए मतदान के बाद भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, बस्तर, कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद में पहले और दूसरे चरण के मतदान में भाजपा को अपना भरपूर आशीर्वाद देने के बाद अब दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा और सरगुजा लोकसभा की जनता-जनार्दन ने पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान किया है। तीसरे चरण चुनाव में मतदाताओं में भारी उत्साह दिखा और 7 लोकसभा सीटों में हुए मतदान लगभग 75 प्रतिशत रहा। श्री देव ने कहा, मतदान का भारी प्रतिशत भाजपा के लिए काफी उत्साहजनक हैं और भाजपा का यह विश्वास फलीभूत होने जा रहा है कि प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है। श्री देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में संपन्न तीनों चरणों के मतदान के रूझान से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ भाजपा के पक्ष में अभूतपूर्व जनसमर्थन जुटाया और भाजपा की ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखी है और छत्तीसगढ़ की सभी सीटों पर भाजपा प्रचंड मतों से विजयी होगी।









### कांग्रेस के पक्ष में दिखा माहौल : दीपक बैज

तीसरे चरण के मतदान के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने भीषण गर्मी की परवाह नहीं करते हुए अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य को मतदान करके निभाया यह छत्तीसगढ़ के मतदाताओं की अपने प्रजातांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूकता को दिखाता है। तीसरे चरण के साथ ही राज्य के सभी 11 लोकसभा सीटों पर मतदान पूरा हो गया है। उनका कहना है, कांग्रेस भाजपा से ज्यादा सीटें जीत रही है। श्री बैज ने कहा, जनता ने महंगाई, बेरोजगारी, वादाखिलाफी के विरोध मतदान किया। आज मतदान हुए सभी 7 लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के पक्ष में रूझान साफ दिख रहा था। लोग मोदी सरकार की विदाई के लिए भीषण गर्मी में अपने घरों से निकलकर मतदान केन्द्रों तक आये और कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया।

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने महिलाओं को ठगा नहीं निकली मतदान करने

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, विधानसभा चुनाव के दौरान सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ देने की घोषणा भाजपा ने की थी। सरकार बनने के बाद केवल गरीब महिलाओं को इसका लाभ दिया गया। लोकसभा चुनाव में शहर की चार विधानसभा सीटों पर कम मतदान महिलाओं की नाराजगी को बयां कर रही है। महिलाए अपने घर से वोट करने नहीं निकली। उन्होंने कहा, 15 साल सत्ता में रही भाजपा सरकार जनता के हित में मुलभूत सुविधाओं पर कोई काम नहीं किया। अब फिर सत्ता में आकर जनता को गुमराह कर रही है, इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता लोकसभा चुनाव में भाजपा की सफाया करने वाली है।

### राज्य प्रवर्तित योजनाओं के लिए राशि जारी, हिसाब भी मांगा

**रायपुर।** राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने प्रदेश के नगरीय निकायों से कहा है कि राज्य प्रवर्तित योजनाओं के तहत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों की किस्तों में राशि जारी की जा रही है, लेकिन साथ ही उपयोगिता प्रमाणपत्र सहित भुगतान का हिसाब भी देने कहा गया है। सूडा ने इस संबंध में प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका और नगर पंचायतों से कहा है कि वे उपयोगिता प्रमाणपत्र दें, जिसमें भुगतान संबंधी अपडेटेड जानकारी, वित्तीय स्थिति, निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति, कार्यादेश की प्रति, पूरे हो चुके या प्रगतिरत कार्यों के जियो टैग्ड सत्यापित फोटोग्रॉफ्स, जिसमें समय व दिनांक हो। स्वीकृत सूची का सरल क्रमांक के साथ कार्य का नाम एवं लागत भी बतानी होगी। ये भी कहा गया है कि उपयोगिता प्रमाणपत्र मिलने के बाद ही अगली किस्त जारी की जाएगी।

### शराब की अवैध बिक्री कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर ।** शराब की अवैध रूप से बिक्री करते एक कोचिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गोबरा नवापारा पुलिस को सूचना मिली कि पहलाद कोसरे निवासी सतनामीपारा शराब की अवैध बिक्री कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस उसके कब्जे से 10 पौवा शोले देशी मसाला शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 11 सौ रुपए है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### अकारण विवाद-मारपीट पत्थर से किया वार

**रायपुर।** सीएसईबी कॉलोनी गुढ़ियारी में बिट्टू नामक एक युवक ने प्रार्थी प्रमोद जंघेल निवासी कृष्णानगर गुढ़ियारी से बिना कारण विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की तथा पत्थर से वार कर फरार हो गया। इससे उसे चोट आई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत

**रायपुर।** कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 6 मई को दोपहर 12.30 बजे माना बस्ती नहर पुलिया के पास की है। घटना के दिन कार क्रमांक-04 केवाय-9775 के चालक ने लापरवाही व तेज गति से कार चलाते हुए बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी थी, जिससे संजू निर्वांस निवासी रोटरी नगर हीरापुर की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। इस घटना में बाइक पर सवार इरफान और आरिफ को भी चोटें आई हैं।

### शहर की चारों सीटों पर मतदान रहा धीमा, वोटर घरों ने नहीं निकले

# बृजमोहन और विकास के विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं में उत्साह कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा में मतदान का प्रतिशत पिछले चुनाव से भी एक-दो प्रतिशत कम रहने का अनुमान है। निर्वाचन द्वारा शाम तक के जारी आंकड़े को देखा जाए, तो शहर की चारों सीटों में आधे से कुछ अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। बृजमोहन अग्रवाल के दक्षिण विधानसभा सीट और विकास उपाध्याय के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं में उत्साह नहीं दिखा। यहां 50 प्रतिशत से कुछ अधिक मतदाताओं ने वोट डाला है। वोटिंग प्रतिशत विधानसभा चुनाव से कम है।

रायपुर लोकसभा के 9 विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान में शहर की चारों सीटों पर कम मतदान ने दोनों दलों के प्रत्याशियों को निराश किया है। वहीं धरसींवा विधानसभा में सर्वाधिक वोटिंग हुई है। यहां पर ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यहां मतदान का प्रतिशत 72 से अधिक रहा है। यहां पर ग्रामीण क्षेत्रों के माहौल के आधार पर दोनों पार्टी अपने पक्ष में होने का अनुमान लगा रही हैं। शहर के उत्तर और ग्रामीण में भी विधानसभा की तरह ही कम मतदान हुआ। यहां पर मतदाताओं में उत्साह नहीं दिखा। भाटापारा विधानसभा जिस पर कांग्रेस का कब्जा है, वहां पर 66 प्रतिशत के लगभग वोटिंग हुई है। आरंग, अभनपुर और बलौदाबाजार सीट पर मतदान का प्रतिशत पिछले चुनाव के बराबर था।

**रायपुर लोकसभा में शाम 5 बजे तक मतदान प्रतिशत**

रायपुर – 61.25 प्रतिशत
अभनपुर – 67.58 प्रतिशत
आरंग – 67.99 प्रतिशत
बलौदाबाजार – 68.66 प्रतिशत
भाटापारा – 65.91 प्रतिशत
धरसींवा – 72.61 प्रतिशत
रायपुर ग्रामीण – 52.83 प्रतिशत
रायपुर सिटी उत्तर – 53.44 प्रतिशत
रायपुर सिटी दक्षिण -57.23 प्रतिशत
रायपुर सिटी पश्चिम – 50.08 प्रतिशत





**अन्य 6 लोकसभा के विधानसभावार आंकड़े कुछ इस प्रकार**

बिलासपुर – 60.05 प्रतिशत
बेलतरा – 61.69 प्रतिशत
बिलासपुर – 54.57 प्रतिशत
बिल्हा – 63.80 प्रतिशत
कोटा – 58.60 प्रतिशत
लोरमी – 62.77 प्रतिशत
मस्तूरी – 53.40 प्रतिशत
मुंगेली – 63.17 प्रतिशत
तखतपुर – 63.12 प्रतिशत
दुर्ग – 67.33 प्रतिशत
अहिवारा – 68.48 प्रतिशत
बेमेतरा – 71.33 प्रतिशत
भिलाई नगर – 59.86 प्रतिशत
दुर्ग सिटी – 63.78 प्रतिशत
दुर्ग ग्रामीण – 69.49 प्रतिशत
नवागढ़ – 68.02 प्रतिशत
पाटन – 71.23 प्रतिशत
साजा – 69.01 प्रतिशत
वैशाली नगर – 63.84प्रतिशत
जांजगीर चांपा – 62.44 प्रतिशत
अकलतरा – 62.12 प्रतिशत
भिलाईगढ़ – 64.23 प्रतिशत
चंद्रपुर – 64.50 प्रतिशत
जैजैपुर – 60.42 प्रतिशत
जांजगीर चांपा – 68.45 प्रतिशत
कसडोल – 62.16 प्रतिशत
पामगढ़ – 60.90 प्रतिशत
सक्ती – 56.27 प्रतिशत
कोरबा – 70.60 प्रतिशत
बैंकुठपुर – 76.65 प्रतिशत
भरपुर सोनहत – 79.90 प्रतिशत
कटघोरा – 70.29 प्रतिशत
कोरबा – 58.03 प्रतिशत
मनेंद्रगढ़ – 67.83 प्रतिशत
मरवाही – 71.46 प्रतिशत
पाली तनाखार – 76.49 प्रतिशत
रामपुर – 68.44 प्रतिशत
रायगढ़ – 75.84 प्रतिशत
धरमजयगढ़ – 81.76 प्रतिशत
जशपुर – 72.55 प्रतिशत
खरसिया – 79.97 प्रतिशत
कुनकुरी – 76.14 प्रतिशत
लैलुंगा – 80.89 प्रतिशत
पत्थलगांव – 75.65 प्रतिशत
रायगढ़ – 71.67 प्रतिशत
सारंगढ़ – 70.79 प्रतिशत
सरगुजा – 74.17 प्रतिशत
अंबिकापुर – 70.46 प्रतिशत
भटगांव – 73.98 प्रतिशत
लूंड्रा – 75.62 प्रतिशत
प्रतापुपर – 77.73 प्रतिशत
प्रेमनगर – 74.66 प्रतिशत
रामानुजगंज – 72.96 प्रतिशत
सामरी – 76.37 प्रतिशत
सीतापुर – 71.93 प्रतिशत

# बृजमोहन बोले- मोदी की गारंटी और साय के सुशासन से जनता भाजपा के साथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, मोदी की गारंटी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के कारण जनता भाजपा के साथ है। जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। श्री अग्रवाल ने मंगलवार को बूढ़ा तालाब स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय मौदहापारा में सपरिवार वोट डाला।

वोट डालने के बाद श्री अग्रवाल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, मैंने अपना वोट प्रभु श्री राम के चरणों में समर्पित किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा, यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री ने उन्हें लोकसभा का टिकट देकर इस बार दिल्ली में रायपुर का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया। उन्होंने कहा, पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही नतीजा है कि वह आठ बार से लगातार विधायक चुने गए हैं। इस बार भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरी लगन और मेहनत के साथ कार्य किया है। ऐसे में उनकी जीत पर किसी भी प्रकार का संशय नहीं रह जाता।

# कलेक्टर-एसएसपी ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह सोमवार को बीपी पुजारी स्कूल मतदान केंद्र पहुंचे और सबसे पहले मतदान किया। उनके साथ उनकी पत्नी डॉ. सुनीता सिंह ने भी वोट दिया। मतदान के बाद दोनों ने स्याही लगी उंगली दिखाते हुए फोटो खिंचाई और इसे सोशल मीडिया में वायरल कराते हुए सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की।

**एसएसपी ने पत्नी संग किया मतदान :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने पत्नी वंदना सिंह के साथ सिविल लाइंस के जल संसाधन विभाग स्टेट डाटा सेंटर में बने मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने सेल्फी भी ली, जिसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए मतदाताओं से मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की।



### महापौर ढेबर ने सपत्नीक किया मतदान

तीसरे चरण के लिए मंगलवार को हुए मतदान में महापौर एजाज ढेबर होलीक्रॉस स्थित अपने पोलिंग बूथ में सपत्नीक वोट डालने पहुंचे। इस मौके पर श्री ढेबर ने शहर की जनता से अधिक से अधिक संख्या में वोट डालने की अपील की। रायपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय और भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल सहित 38 प्रत्याशी चुनाव मैदान पर हैं।



# राधिका भाजपा में, भूपेश बोले– कितने में हुई है डील, बताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संचार विभाग के विवादों आई राधिका खेड़ा ने अंततः भाजपा प्रवेश कर लिया। लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के लिए मतदान के बीच कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक राधिका खेड़ा दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में भाजपा में शामिल हुईं।

■ कांग्रेस नेताओं पर लगाए थे कई गंभीर आरोप

उल्लेखनीय है कि 30 अप्रैल को हुए विवाद के बाद से यह प्रकरण एक सप्ताह तक चला। मामले में आरोप- प्रत्यारोप के दौर के बाद कांग्रेस के बड़े नेताओं ने मामले में राधिका खेड़ा को ही जिम्मेदार माना है। मामले में टीएस सिंहदेव ने कहा, उन्हें समन्वय बनाने भेजा गया था। राधिका खेड़ा के बीजेपी ज्वाइन करने पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि डील तो हुई है और कितने की डील हुई है, ये राधिका खेड़ा बताएं। ज्ञात हो कि राधिका ने पार्टी से इस्तीफा देकर सोमवार को सुशील आनंद शुक्ला समेत कांग्रेस के अन्य नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए थे। वहीं मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गई, जिसके बाद राधिका खेड़ा पर भी कई सवाल खड़े किये जा रहे हैं।

### राधिका ने खुद एक गलती की- सिंहदेव

पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव ने कहा, राधिका ने खुद व्यवस्था की एक गलती की। जब हमारे देश के मीडिया अध्यक्ष आ रहे थे, तब उनके कार्यक्रमों को गुपचुप तरीके से व्यक्तिगत तौर पर जाकर सारे मीडिया हाउस में समय तय कर लिया। अब अपनी बात को ढकने के लिए उन्होंने ये प्रचारित किया कि मेरे साथ ऐसा हुआ, ये हुआ।

### बीजेपी नेताओं की मानसिक स्थिति ठीक नहीं

वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस नेताओं को विलुप्त प्रजाति का बता दिया है। भूपेश बघेल ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मतदाताओं को श्रद्धांजलि दे रहे हैं, बीजेपी के नेताओं की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

### सुशील ने राधिका को भेजा मानहानि का नोटिस

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला के वकील संदीप दुबे ने राधिका खेड़ा को मानहानि का कानूनी नोटिस जारी किया है। उन्होंने यह नोटिस उनके व्हाट्सएप, ई-मेल और डाक के पते पर भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि इसका जवाब 15 दिन में दें, अन्यथा सक्षम न्यायालय में मानहानि का प्रकरण दर्ज कराया जाएगा।

**बीते साल 137 योजनाएं आई थीं सालभर में, पहली बार 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 नई योजनाएं हुई थीं लांच**

# रियल एस्टेट में नई योजनाओं की रफ्तार धीमी, चार माह में रेरा में 60 का ही पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रियल एस्टेट में मंदी का दौर चल रहा है। इस साल भी नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। इस साल अब तक चार माह में 60 नई योजनाओं का ही पंजीयन रेरा में हुआ है। वैसे बीते साल भी बहुत मंदी रही है, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है।

पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रियल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रियल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। साल भर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके।

### चार माह में 60 योजनाएं

नए साल 2024 में चार माह में अब तक 60 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ है। पहले माह जनवरी में महज 8 नई योजनाएं आईं। इसके बाद फरवरी में 18, मार्च में 14 और अप्रैल में 20 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ है। अब आने वाले समय में योजनाओं की रफ्तार और धीमी पड़ने की संभावना है, क्योंकि अब प्रदेश भर में जमीनों की कीमत 30 फीसदी बढ़ गई है। कांग्रेस सरकार ने जमीनों की कीमत में 30 फीसदी की छूट दी थी जो अब अप्रैल से समाप्त हो गई है।




### 2022 में बना रिकॉर्ड

रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल जनवरी में 20 योजनाएं लांच हुईं। अगले माह फरवरी में यह रिकॉर्ड टूटा और 23 योजनाएं आईं। मार्च में भी फरवरी का रिकॉर्ड टूटा और 26 योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। इसके बाद अप्रैल में नया रिकॉर्ड बना और 36 योजनाएं पंजीकृत हुई। मई और जून में 19-19 योजनाएं लांच हुई। जुलाई में रिकॉर्डतोड़ 44 योजनाएं लांच हुईं। इसके बाद अगस्त में 18, सितंबर में 21, अक्टूबर में 11, नवंबर में सबसे कम चार और दिसंबर में 28 योजनाएं आईं। कुल मिलाकर इस साल में 273 नई योजनाएं लांच हुईं।

इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई और पहली छमाही में 71 और दूसरी में 66 योजनाएं आईं।

## खबर संक्षेप



### स्काउट गाइड ने खोला शीतल प्याऊ घर

**कांकेर।** भीषण गर्मी के मद्देनजर भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के दिशा निर्देश में स्काउट जिला संघ के द्वारा मुख्य रोड कन्या शाला के सामने में शीतल प्याऊ घर का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी एके पटेल के हाथों फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अंजना श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को की प्यास बुझाने के लिए यह पुनीत कार्य स्काउट गाइड के माध्यम से किया गया है। इस अवसर पर जिला संघ के पदाधिकारी वाजिद खान, दंतेश्वरी तिवारी, विवेक दास मानिकपुरी, राम भजन नेताम, अघन कश्यप, ज्ञानेश बंधु आर्य, हर्ष डोंगरे, नागेंद्र कुलेश्वर, अंकित तारम, जितेंद्र सलाम, हलाल राम आदि उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय बालवाडी प्रशिक्षण का समापन

**दुर्गूकोंदल।** बालगड़ी के अंतर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा के उद्देश्य से बालवाड़ी शिक्षक शिक्षिका व आंगनबाड़ी कार्यकताओं का तीन दिन का प्रशिक्षण मिला। प्रशिक्षण में बच्चों का समग्र विकास के अन्तर्गत बालक के शारीरिक विकास, मानसिक विकास, संज्ञानात्मक विकास, संवेगात्मक विकास समाजी- करण के गुण, नैतिकता, पोषण स्वास्थ्य एवं खुसहाल आदि गतिविधियों के माध्यम से प्राथमिक शाला प्रवेश में पारगम्य का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के समापन समारोह में बीईओ एसपी कोसरे, एबीईओ अंजनी मण्डावी, बीआरसी लतीफ सोम, नीति आयोग से प्रीति जंजीर, बालवाड़ी जिला समन्वयक लक्ष्मण मालवीय और मास्तर टेनर्स दीपक टांडिया व नरेश सोनकर उपस्थित रहे।

### युवती ने जहर खाया अस्पताल में हुई मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत लखनपुरी निवासी 23 वर्षीय महेश्वरी कुलदीप पिता रमेश कुलदीप ने अज्ञात कारणो के चलते जहर खा लिया था, जिसे ईलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर में लाया गया, जहां उसकी 6 मार्च को सुबह साढ़े 8 बजे मौत हो गई। कांकेर थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी चारामा थाना पेश करने पर पुलिस ने असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सर्पदंश से बच्चे की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** गोण्डाहूर थानांतर्गत पीव्ही 50 जयपुर निवासी 7 वर्षीय अनुरूद्ध बाला पिता तापस बाला का 7 मई को दोपहर 3 बजे सर्पदंश से मौत हो गया। मृतक अपने पिता के साथ पलंग पर सोकर मोबाईल में गेम खेल रहा था, तभी अचानक सांप ने काट लिया, जिससे मौके पर ही मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया गया।

### नवमी में प्रवेश की अंतिम तिथि 17

**दुर्गुकोंदल।** प्रयास बालक-बालिका आवासीय विद्यालयों के लिए कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 मई निर्धारित की गई है। नवमी से 12वीं तक को उत्कृष्ट स्कूल शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीएस, सीएम तथा एनडीए की प्रतियोगिता परीक्षा में सफल होने के लिए सफल तैयारी के लिए राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं।

### शराब पीने की सुविधा दी, युवक पकड़ाया

**कांकेर।** पखांजूर थानांतार्गत अंवारीपारा निवासी 38 वर्षीय महेश दुग्गा पिता महावीर दुग्गा को पुलिस ने 6 मई को शाम साढ़े 7 बजे अन्य लोगो को अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा देते हुए पकड़ा। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि आरोपी अपने घर आंगन मे अवैध रूप से आने जाने वाले को शराब पिलाने की सुविधा उपल्बध करा रहा है।

---

सफाई के लिए 16 जगहों का चिन्हांकन कर एक माह का सेटअप तैयार किया

# निगम टीम ने तीसरे चरण का सफाई अभियान शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम प्रशासन इन दिनों नालियों व नालों की सफाई पर विशेष फोकस कर रहा है ताकि बारिश में शहर जलमग्न न हो और बारिश का पानी आसानी से निकल जाए। फरवरी से शुरू हुए सफाई का अभियान का तीसरा चरण प्रारंभ हो गया है। इसके लिए 16 जगहों को चिन्हांकित कर विशेष रूप से सफाई की जा रही है। इस सफाई अभियान के लिए पूरे एक माह का सेटअप तैयार किया है।

आयुक्त विनय कुमार पोयाम एवं उपायुक्त प्रवीण सार्वा के निर्देश के बाद स्वास्थ्य अधिकारी मो. शेरखान दिन-रात अपनी टीम के साथ जुटे हुए हैं। टीम में मुन्नालाल, राजेन्द्र नाग, मुकेश साहू, शकील अहमद, सूरज रजक, जितेन्द्र मारकंडे, धनेश सिन्हा, सुनील रजक, शेषनारायण पटेल, यशवंत पटेल, अश्वनी राजपूत, आशीष मिश्रा, गिरवर सिन्हा, लक्ष्मण रजक, सुरेन्द्र सिन्हा आदि शामिल हैं जिसके सहयोग से रोजाना कई टन कचरा निकल रहा है।

शेरखान ने बताया कि सफाई के लिए निगम प्रशासन ने 16 जगहों को चिन्हांकित किया है जहां हल्की बरसात में भी सड़क पर पानी भर जाता है। इन जगहों की क्रमवार सफाई की जाएगी। चिन्हांकित जगहों में शिव चौक से देवश्री टाकीज रोड, आमापारा रोड, बालक चौक, विजय मेडिकल से पीडी नाला, बाकरा नाला से तूफान चौक, अर्जुनी चौक से अटल आवास, भटगांव पुलिया से अमलतासपुरम, दस पोंगा से 5 पोंगा, सोरिद वार्ड, शीतला मंदिर से श्मशान घाट, स्वामी विवेकानंद कालोनी से कालेज रोड, नजीर घर से सार्वा घर तक, नई मंडी में 10 पोंगा, नंदी चौक से नम्रता पवार घर तक, नाचन तालाब सुलभ काम्पलेक्स से आस्था नगर बड़ा नाला, इतवारी बाजार चौक से गौरव पथ आमातालाब बड़ा नाला, सरस्वती शिशु मंदिर से श्रीराम अस्पताल तक सफाई के लिए एक माह का सेटअप तैयार है। सफाई के लिए जेसीबी का उपयोग हो रहा है। इसके माध्यम से प्रतिदिन कई टन कचरा निकल रहा है। कचरे को ट्रेक्टर के माध्यम से ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जा रहा है।



**सफाई के बाद पानी सुगमता से निकलेगा : आयुक्त**

निगम आयुक्त विनय कुमार पोयाम ने बताया कि बारिश पूर्व सफाई अभियान फरवरी से चल रहा है। इस दौरान निगम टीम क्रमबद्ध तरीके से शहर की छोटी बड़ी नालियों की अच्छे से सफाई कर रही है। सफाई के लिए प्वाइंट बनाया गया है। 16 जगह को चिन्हांकित किया गया है। इन जगहों की क्रमवार जेसीबी, ट्रेक्टर व सहायक उपकरणों से सफाई की जा रही है। सफाई अभियान से इस बार बारिश का पानी सुगमता से शहर से बाहर निकल जाएगा।



**अतिक्रमण हटाकर की जा रही सफाई : स्वास्थ्य अधिकारी**



स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई अभियान के प्रमुख मो. शेरखान एवं उनकी टीम ने बताया कि सफाई के दौरान नाला, नालियों में किए गए अतिक्रमण, ठेला, स्लेब, अस्थायी दुकानों को हटाया जा रहा है जहां वर्षों से सफाई नहीं हुई है, उस जगह को अच्छे से साफ किया जा रहा है। इस दौरान विवाद की स्थिति भी आ रही है लेकिन समझाने पर सफाई में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

---

# दुगली में होगा झरिया गंधर्व समाज का सम्मेलन

- आयोजन को लेकर समाजजनों की हुई जिला स्तरीय बैठक
- कई मुद्दों पर चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

झरिया गंधर्व समाज की जिलास्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष दीनदयाल नेताम की अध्यक्षता में दुगली के बहारराय प्रांगण में हुई। बैठक में सामाजिक विकास और उत्थान के साथ सामाजिक व्यवस्था को सुचारु संचालित करने पर चर्चा की गई।

गंधर्व समाज का वार्षिक सम्मेलन 18 एवं 19 मई को दुगली के बहारराय प्रांगण में करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में गंधर्व समाज के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार चालकी, कोषाध्यक्ष हरेन्द्र टांडेश, जिला महासचिव वासुदेव मरकाम, सिहावा क्षेत्रीय अध्यक्ष गणेशराम टांडेश, उपाध्यक्ष गणेशराम नागर्ची, सचिव बृजभूषण बघेल, सहसचिव बसंत टांडेश, सलाहकार शंकरदास देवदास, सेवाराम बघेल सहित मगरलोड, कुकरेल, सिहावा क्षेत्र के सामाजिक पदाधिकारी सम्मिलित हुए।



## प्राचार्य ने दिए तनाव मुक्त रहने के टिप्स

**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल छुही में परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने शिक्षक पालक बैठक का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी कलीराम साहू बीईओ नगरी ने पालकों एवं विद्यार्थियों को एलईडी टीवी के माध्यम से जिला प्रशासन के अधिकारियों के संदेश से रूबरू कराया। प्राचार्या अर्चना नेताम द्वारा तनाव मुक्त हेतु आवश्यक टिप्स दिया गया। विशेष अतिथि छबिलाल सिन्हा, गुप्ता प्रसाद कुंजाम ग्रामीण अध्यक्ष, लक्ष्मीकांत साहू, तेजराम कुंजाम, चिंताराम कुंजाम सरपंच, शंकरलाल साहू थे। छात्रों एवं पालकों को तनाव से दूर रहने के तरीके बताए गए।

# जैन समाज आज व कल मनायेगा अक्षय तृतीया पारणा महोत्सव

- स्थानक भवन में होगी संध्या प्रभु भक्ति, पुरानी मंडी में होगा प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्री साधुमार्गी जैन संघ व सकल जैन श्री संघ धमतरी द्वारा अक्षय तृतीया पारणा महोत्सव का आयोजन 9 मई को किया जा रहा है। बता दें कि आचार्य नानेश पटघर परम पूज्य 1008 आचार्य रामलाल जी मसा, बहुश्रुत वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि मसा के सुशिष्य शासन दीपक अक्षय मुनि मसा, दिनेश मुनि मसा, दिव्य दर्शन मुनि मसा, लक्षित मुनि मसा आदि ठाणा 4 एवं शासन दीपिका सुयशा श्रीजी मासा आदि ठाणा 5 के सानिध्य में धमतरी श्री संघ को वर्षी तप का पारणा कराने का अवसर प्राप्त हुआ है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज गुरूवार को शाम 7.30 बजे से नया स्थानक भवन सिहावा चौक में विधि, निधि ललवानी द्वारा प्रभु भक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। 10 मई शुक्रवार को पुरानी कृषि उपज मंडी प्रांगण रायपुर रोड धमतरी में प्रातः 8.30 बजे प्रवचण, प्रातः 11 बजे तपस्वियों का पारणा, दोपहर 12 बजे स्वधर्मी वात्सलय होगा। इसके लाभार्थी परिवार रानूलाल, मनीष, शुभ संकलेचा होंगे।

---

## सभा में जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा प्रत्याशी मालविका सिंहदेव एवं नुआपाड़ा विधानसभा प्रत्याशी अभिनंदन पंडा के चुनाव प्रचार में नुआपाड़ा विधानसभा के ग्राम पंचायत धरमबांधा, तोर्रा में चुनावी सभा में विधायक योगेश्वर सिन्हा उपस्थित रहे। मोदी की गारंटी के तहत घोषणापत्र के बिंदुओं को जनता के समक्ष रखकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू, ओडिशा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य किसान नेता प्रसन्ना पाढ़ी, सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान, भाजपा नेता प्रकाश कलार, गोवर्धन साहू, संतोष डडसेना, सरपंच भुवनेश्वरी डड़सेना, राजू साहू, संतोष साहू, विनय दीक्षित, युवा मोर्चा के नेता नितिन जैन, पंकज जैन, रवि फिरोदिया आदि उपस्थित रहे।

# समर कैंप में बच्चों को दी यातायात नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कृति फाईन आर्ट्स इंस्टीट्यूट एवं ऑल इंडिया लीनेस क्लब द्वारा आयोजित समर कैंप में बच्चों के लिए ड्राइंग पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यातायात पुलिस डीएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बच्चों को प्रोत्साहित करने के साथ ही पालकों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि डॉ रचना पदमवार मनोरोग चिकित्सक ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया। डॉ श्रुति वासानी डेंटल सर्जन ने दांतों को स्वच्छ और मजबूत बनाए रखने के टिप्स दिए। डॉ मंजू गुप्ता फिजियोथैरेपिस्ट ने फिट रहने की जानकारी। कार्यक्रम की संचालिका जानकी गुप्ता ने कहा कि माता- पिता को जागरूक करने का एक माध्यम बच्चे भी हैं।



# विश्व रेडक्रास दिवसः मनुष्य के अंदर होने चाहिए सभी जीवों के प्रति मानवता का गुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा के तत्वावधान में शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में विश्व रेडक्रास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में शांत्रीबाई महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर, अध्यक्षता डा अशोक गिरी गोस्वामी जिला संगठक रेडक्रास, विशिष्ट अतिथि के रुप में मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, गायत्री चंद्राकर, रीति व रेडक्रास प्रभारी लुकेश साहू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के कर कमलों से रेडक्रास का ध्वजारोहण के साथ किया गया। तत्पश्चात रेडक्रास का झंडा गीत व राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा.सविता चंद्राकर ने कहा कि मनुष्य के अंदर सभी जीवों के प्रति मानवता का गुण होना आवश्यक है। आज मनुष्य सिर्फ अपने स्वार्थ के बारे में सोचता है। हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारी वजह से किसी की मानवता का ठेस न पहुंचे। अध्यक्षता कर रहे डा. जिला संगठक रेडक्रास अशोक गिरी गोस्वामी ने कहा कि रेडक्रास हमें दूसरों की निःस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता है। रेडक्रास का उद्देश्य शांति, सेवा, मित्रता का प्रतीक है। उन्होंने रेडक्रास दिवस क्यों मनाया जाता है व उसके क्या उद्देश्य है उसके बारे में सविस्तार जानकारी दिया गया। विशिष्ट अतिथि मेनका चंद्राकर ने कहा कि कहानी के माध्यम से मानवता के विषय पर जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी गायत्री चंद्राकर ने कविता प्रस्तुत किए।

आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल के छात्र क्षितिज पांडे ने तुलसीदास रचित सुंदर पंक्ति पढ़कर मनुष्य के मानवीय गुणों के बारे में सविस्तार अपना भाव प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे दिनेश साहू द्वारा रेडक्रॉस संगठन कैसे बना उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भारतीय रेडक्रास सोसायटी के सदस्य मुरलीमनोहर साहू, शांत्रीबाई महाविद्यालय के स्टाफ देवेंद्र चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल एवं महासमुंद नगर के अन्य विद्यालय व महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।



# महर्षि विद्यालय की छात्रा नियति को मिला क्षेत्रीय विजेता का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक महासमुंद अध्याय द्वारा आयोजित मेरी स्मारक खोज राष्ट्रीय चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में स्थानीय महर्षि विद्यालय की छात्रा नियति सिदार कक्षा 8वीं ने क्षेत्रीय विजेता का खिताब हासिल किया है। अपने अंचल की धरोहरों के संरक्षण व संवर्धन के प्रति शालेय विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इन्टैक महासमुंद अध्याय द्वारा विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाती हैं। इसी क्रम में विगत 27 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय स्तर की मेरी स्मारक खोज चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में स्थानीय 6 विद्यालयों के 43 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था। इनकी चित्रकारी एवं निबंध सीट को मूल्यांकन के लिए इंटैक केंद्रीय मुख्यालय नई भेजा गया था। यहां पूरे देश के 100 शहरों के 11 हजार प्रविष्टियों में से 15 राष्ट्रीय एवं 103 क्षेत्रीय विजेता घोषित किए गए। इनमें नियति सिदार के मां खल्लारी मंदिर पर चित्रकारी व निबंध लेखन को क्षेत्रीय विजेता के लिए चयन किया गया। नियति ने यह खिताब हासिल कर अपने विद्यालय एवं नगर का गौरव व मान बढ़ाया है। नियति के पिता कीर्ति सिदार पुलिस महकमे में सेवारत व माता यशोदा सिदार गृहिणी हैं। इस उपलब्धि पर संयोजक दाऊलाल चंद्राकर, शशि शर्मा, सहसंयोजक राजेश्वर खरे, सराईपाली संयोजक यशवंत चौधरी, सदस्य मानकलाल चंद्राकर, अशोक शर्मा, रूपेश तिवारी, डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही, प्रमोद कन्नौजे, रघुनाथ सिन्हा, मानक नामदेव एवं समस्त इंटैक परिवार ने हर्ष जताया है।



# व्यक्तित्व विकास शिविर का हुआ शुभारंभ, 80 बच्चों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में तीन दिवसीय निःशुल्क व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ बोधराम साहू जिला समन्वयक एवं शशि प्रभा थिटे, नरेंद्र नायक ब्लॉक समन्वयक, संतूलाल साहू, परस चौहान एवं वरिष्ठजनों की उपस्थिति में मां गायत्री की पूजन एवं दीप प्रजवलन कर किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन के सत्र में प्रार्थना, जप एवं ध्यान के साथ युवाओं का आह्वान, कैरियर निर्माण, स्वस्थ रहने की कला आदि विषयों पर पावर पॉइंट के माध्यम से विस्तार से चर्चा की गई। शिविर में महासमुंद के अलावा लभरा, खैरा, बेमचा, मचेवा एवं लाफिनखुर्द के लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया। शिविर शुभारंभ पर शशिप्रभा थिटे ने सभी बच्चों को लक्ष्य निर्धारण कर संघर्षों से लड़ते हुए अपने व्यक्तित्व को शानदार बनाकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। बोधराम साहू एवं नरेंद्र नायक ने भी सभी बच्चों को शिविर में आने के लिए धन्यवाद देते हुए सफल जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस सत्र में भारत साहू, नरेश साहू एवं खेमीन साहू शरीक हुए। कार्यक्रम में डॉ साधना कसार एवं एमएल साहू का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में ओमप्रकाश साहू, हरिश डडसेना, लोकेश, लिनेश आदि का विशेष योगदान रहा।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल तुमगांव में प्रवेश प्रक्रिया 14 को

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय तुमगांव में नए शिक्षा सत्र 2024-25 में विद्यार्थियों के प्रवेश लॉटरी प्रक्रिया होनी है। तुमगांव सेजेस प्राचार्य लंकेश कुरील ने बताया कि कक्षावार प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन को तिथि 10 अप्रैल से 10 मई तक निर्धारित की गई है। जिसमें प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 10 मई है। सेजेस तुमगांव कक्षावार रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए लॉटरी की प्रकिया 14 मई को सुबह 9 बजे से सेजेस तुमगांव में नियमानुसार सभी कक्षाओं के लिए लॉटरी की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

### नवीन महाविद्यालय में मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में 8 मई को विश्व रेडक्रास दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में प्राचार्य एचएल दीवान द्वारा सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर लता भोई कार्यक्रम अधिकारी रेडक्रास सोसायटी द्वारा रेडक्रास संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट के जीवनी के बारे छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। रेडक्रास सोसायटी के उद्देश्य निःस्वार्थ सेवा एवं प्राथमिक उपचार के संबंध में महाविद्यलाय के वालिंटियर्स व छात्र-छात्राओं को बताया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक तरूण कुमार ध्रुव, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर, कार्यालय प्रमुख फलेश दीवान, ऋषि वर्मा, सविता पटेल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मेरी स्मारक खोज पोस्टर मेकिंग एवं निबंध प्रतियोगिता हुई

**सरायपाली।** भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक) नई दिल्ली की विरासत शिक्षा और संचार सेवा प्रभाग की प्रधान निदेशक पूर्णिमा दत्त के कुशल निर्देशन में आयोजित अखिल भारतीय मेरी स्मारक खोज पोस्टर मेकिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता 2024 में इंटैक सरायपाली अध्याय अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सरायपाली में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत, पढ़ाई के साथ-साथ आर्ट एंड क्रॉफ्ट, पेंटिंग, रंगोली, बागवानी कार्य में विशेष रुचि रखने वाली प्रतिभाशाली छात्रा आस्था पटेल ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करते हुए विश्व प्रसिद्ध पुरातत्व स्थल सिरपुर में स्थित प्राचीन लक्ष्मण मंदिर का रंगीन, आकर्षक चित्र उकेरकर अपने उत्कृष्ट ड्रॉइंग/पेंटिंग कला-कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं इसके बारे में सारगर्भित निबंध भी लिखा। देशभर के 100 शहरों से कक्षा सातवीं, आठवीं, नवमी पढ़ने वाले 11000 स्कूली विद्यार्थियों ने इस विशिष्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अल्प ज्ञात स्थानीय निर्मित विरासत की समझ विकास किया।

### छात्रों की प्रतिभा उभारने लगा समर कैंप

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी आदर्श विद्यालय में समर कैंप का 15 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन शाला के प्राचार्य एच आचार्य, प्रधान पाठक चिंतामणि चंद्राकर, उपप्राचार्य चमन चंद्राकर, शिक्षक ठाकुर के द्वारा माता सरस्वती के तैल चित्र की पूजा अर्चना कर किया गया।

# अक्षय तृतीया पर विवाह मुहूर्त को लेकर असमंजस, नहीं बजेगी शहनाई

## अब शुभ मुहुर्त के लिए करना होगा लंबा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बिना शुभ अशुभ देखे शुभ कार्य करने का दिन अक्षय तृतीया, अक्ती, परशुराम जयंती आदि नाम से जाने वाले दिन में इस वर्ष किसी भी शुभ कार्य को नही करने का पंचाग में उल्लेखित निर्देश लोगों के लिए असमंजस उत्पन्न कर दिया है। इस शुभ दिन को पूजा कर मुहुर्त मान शुभ काम करने लोग बकायदा पत्रिका आमंत्रण छपवाकर बांट रहे है। हिन्दी पंचागों के अनुसार इस वर्ष 28 अप्रैल के बाद लगातार 51 दिनों तक शुभ मुहुर्त नहीं है। यानी अब बैशाख एवं जेठ में विवाह नहीं होना कहा जा रहा है। जबकि अंचल में अभी मई के प्रथम सप्ताह एवं 10 मई अक्षय तृतीया के दिन आमंत्रण बांटे जा रहे है।



### गुरू, शुक्र, तारा अस्त होने से मुहूर्त नहीं

वैशाख कृष्ण चतुर्थी 28 अप्रैल से आषाढ़ कृष्ण अमावस्या पांच जुलाई तक शुक्र तारा अस्त रहेगा। इसी बीच बैशाख कृष्ण चतुर्दशी सात मई से ज्येष्ठ कृष्ण अष्टमी 31 मई तक गुरू तारा अस्त रहेगा। गुरू व शुक्र तारा अस्त होने से शुभ संस्कार नहीं किए जाएंगे। हालांकि वैशाख शुक्ल तृतीया यानी अक्षय तृतीया को महामुहुर्त कहा गया है जो 10 मई को है। इस दिन गुरू शुक्र तारा अस्त होने से मुहूर्त नहीं है लेकिन अबूझ मुहुर्त माने जाने से विवाह किया जा सकता है। अक्षय तृतीया जो छत्तीसगढ़ में अक्ती के नाम से प्रसिद्ध है। इस दिन सूर्य और चंद्रमा उच्च के होते है। सूर्य मेष राशि में और चंद्रमा वृषभ राशि में होते है। इसीलिए अक्षय तृतीया को अबूझ मुहुर्त कहा जाता है। अक्षय तिथि अर्थात जिस तिथि का कभी क्षय नहीं होता।

अक्षय तृतीया अपने आप में बिना देखे जानें शुभ दिन माना जाता है। इस दिन छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा शादी होने का रिवाज है। बिना पंचाग देखे शुभ कार्य संपन्न किए जाने वाला अबूझ महामुहूत अक्षय तृतीया को माना जाता है। लगभग 23 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है जब अक्षय तृतीया के दिन विवाह का कारक ग्रह माने जाने वाले शुक्र और गुरू तारा अस्त होने से इस दिन विवाह मुहुर्त नहीं है। हालांकि अक्षय तृतीया को महामुहुर्त माने जाने से शुभ संस्कार संपन्न होंगे। खास बात यह है कि हर साल गर्मी के दिनों में मई और जून महीने में सबसे ज्यादा विवाह मुहूर्त होते है लेकिन इस साल मई-जुन में विवाह मुहुर्त नहीं है। पंडित अंजनी शरण महराज के अनुसार अक्षय तृतीया पर गुरू तारा अस्त रहेगा।

## अलग–अलग तीन प्रकरणों में एक महिला आरक्षक सहित 3 आरक्षकों को किया गया निलंबित

# ड्यूटी में लापरवाह आरक्षकों पर चला अनुशासन का डंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा ड्यूटी के प्रति लापरवाह एवं अनुशासनहीनता प्रदर्शित करने वाले 3 आरक्षकों को निलंबित कर रक्षित केंद्र बलौदाबाजार सम्बद्ध किया गया है। निलंबन अवधि में तीनों अपचारी आरक्षकों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा निलंबित आरक्षकों में लोकसभा चुनाव 2024 मतदान जैसे अति महत्वपूर्ण ड्यूटी में अनुपस्थित रहने वाली महिला आरक्षक सहित चुनाव में शराब पीकर मतदाताओं से दुर्व्यवहार करने वाला आरक्षक भी शामिल हैं। इसके साथ ही ढाबा संचालक से मारपीट करने वाले आरक्षक को भी निलंबित किया है।

### आरक्षक लोमश साहू थाना पलारी निलंबित

5 मई के दोपहर 1.30 बजे थाना पलारी में पदस्थ आरक्षक लोमश साहू अन्य दो लोग महाराज ढाबा पलारी में खाना खाने गए थे, जहां संचालक भरत देवांगन द्वारा खाने का बिल 490 रु बताने पर आरक्षक लोमश साहू द्वारा बिल की रकम देने से इंकार कर ढाबा संचालक को गाली गलौज कर मारपीट किया। इस प्रकार आरक्षक द्वारा खाने का बिल नहीं देना एवं एक आम नागरिक के साथ गाली–गलौच एवं मारपीट कर अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता प्रदर्शित करते हुए पुलिस की छवि को धूमिल किया गया। अतः आरक्षक क्र. 992 लोमश साहू थाना पलारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए रक्षित केंद्र बलौदाबाजार सम्बद्ध किया जाता है तथा प्रकरण में जांच हेतु प्रणाली वैद्य रक्षित केंद्र बलौदाबाजार को प्राथमिक जांचकर्ता अधिकारी नियुक्त करते हुए, प्रकरण में जांच कर 7 दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया है।

### आरक्षक छत्रपाल सिंह वर्मा रक्षित केंद्र अटैच




आरक्षक छत्रपाल सिंह वर्मा थाना सुहेला का लोकसभा चुनाव 2024 विधानसभा क्षेत्र क्र. 46 भाटापारा के मतदान केंद्र क्र. 243 नया प्राथमिक शाला भवन राजपूर पुलिस चौकी करहीबाजार में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने एवं मतदान को सुरक्षित मतदान कराकर वापस लाने व ले–जाने हेतु ड्यूटी लगाई गई थी। मतदान जैसे अति महत्वपूर्ण ड्यूटी के दौरान आरक्षक छत्रपाल सिंह द्वारा शराब के नशे में मतदाताओं से दुर्व्यवहार कर आम जनता में पुलिस की छवि को धूमिल किया जाना पाया गया, जो उनके कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है। अतः आरक्षक क्र. 473 छत्रपाल सिंह वर्मा थाना सुहेला को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए रक्षित केंद्र बलौदाबाजार संबद्ध किया गया है। प्रकरण में जांच हेतु उषा ठाकुर रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र बलौदाबाजार को प्राथमिक जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए 7 दिवस के भीतर प्राथमिक जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है।

### महिला आरक्षक लखेश्वरी कुर्रे निलंबित

महिला आरक्षक लखेश्वरी कुर्रे का 6 मई को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 3, जांजगीर–चांपा विधानसभा क्षेत्र क्र. 44 सेक्टर क्र. 5 मतदान केंद्र क्र. 90 शुक्लाभाटा थाना सिटी कोतवाली में ड्यूटी लगाई गई थी, कि जोनल पेट्रोलिंग द्वारा मतदान केंद्र चेक करने पर उक्त महिला आरक्षक मतदान केंद्र पर बिना किसी को सूचना दिए अपने कर्तव्य से अनुपस्थित पाई गई। तत्संबंधी सूचना पर्यवेक्षक प्रभारी अधिकारी निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार को दिया गया, उनके द्वारा संपर्क करने पर महिला आरक्षक लखेश्वरी द्वारा अनुशासनहीनता पूर्वक वार्तालाप किया गया, जिसकी सूचना रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में भी दर्ज की गई है। महिला आरक्षक लखेश्वरी कुर्रे द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 जैसे अति महत्वपूर्ण ड्यूटी से बिना किसी पूर्व सूचना के गैरहाजिर रहकर अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता प्रदर्शित करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की अवहेलना किया जाना पाया गया। अतः महिला आरक्षक क्र. 567 लखेश्वरी कुर्रे को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए रक्षित केंद्र बलौदाबाजार सम्बद्ध किया जाता है। प्रकरण में उषा ठाकुर रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र बलौदाबाजार को प्राथमिक जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए प्राथमिक जांच प्रतिवेदन 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण का पंजीयन आज से शुरू

बलौदाबाजार न्यूज क्रमांक 09

मुड़पार-सरसीवां। रायगढ़ एवं सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए 9 मई से शुरू होने वाले मोबाइल रिपेयरिंग के निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन किया जा रहा है।

रायगढ़ में भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में यह प्रशिक्षण 30 दिनों तक चलेगा, जो 2 जून से प्रारंभ होगा। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 8 वीं पास और 12वीं पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, बैंक पासबुक एवं 5 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं।

## महाविद्यालय में छात्रों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पीके भोई के संरक्षण एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.संध्या भोई के मार्गदर्शन में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सहायक प्राध्यापक डॉ. चंद्रिका चौधरी, सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार तांडी, आरती साहू उपस्थित थे। विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या भोई ने जीवन में संघर्ष के महत्व का बहुत ही सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए सीखने की प्रवृत्ति को बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। डॉ. चंद्रिका चौधरी ने समय के महत्व को समझाते हुए कहा कि समय खरगोश की तरह फुदकते हुए हमसे दूर चला जाता है, आवश्यकता है प्रयत्न कर उस खरगोश को अपनी गोद में लेकर सहलाने की। तत्पश्चात अंतिम वर्ष के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा अपने दो वर्ष के अविस्मरणीय अनुभव और कनिष्ठ छात्रों के प्रति स्नेह भाव को नम आँखों के साथ अभिव्यक्त किया।

## मतदान दिवस बूथ केंद्रों में जांच करने पहुंचे सामान्य प्रेक्षक डॉ. अंशज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

लोकसभा रायगढ़ के सामान्य प्रेक्षक डॉ अंशज सिंह मतदान दिवस पर सारंगढ़ और रायगढ़ विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों के सघन दौरे पर रहे। उन्होंने कोटवार, निर्वाचन कार्मिक, मितानिन, मतदान अधिकारी आदि से निर्वाचन कार्य और उस समय तक हो चुके मतदान प्रतिशत की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने सभी प्रकार के प्रपत्र, घोषणा पत्र, मोकपोल रिपोर्ट, ईवीएम मशीन आदि का अवलोकन किया।

इस निरीक्षण दौरा अंतर्गत सरिया क्षेत्र के मतदान केंद्र नंदीगांव, पंचधार, बरमकेला क्षेत्र के मतदान केंद्र चांटीपाली, सारंगढ़ क्षेत्र के मतदान केंद्र मल्दा ब, मानिकपुर, बटाऊपाली ब, कनकबीरा, दमदरहा का अवलोकन और जांच किया। चांटीपाली निरीक्षण के दौरान कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू, एसपी पुष्कर शर्मा उपस्थित थे। डॉ. अंशज सिंह ने सारंगढ़ कलेक्टर कार्यालय में संचालित कंट्रोल रूम से वेब कास्टिंग से जुड़े मतदान केंद्र का अवलोकन किया। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी आईएएस वासु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर डॉ. वर्षा बंसल उपस्थित थीं। प्रेक्षक श्री सिंह ने मतदान केन्द्र रेड़ा और हरदी का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने मतदान दल और मतदाता द्वारा किए जा रहे मतदान कार्य का अवलोकन किया। इसके साथ ही मतदान केंद्र में बुनियादी सुविधा पेयजल, पंखा, बिजली, रैंप, व्हीलचेयर, शौचालय, छाया, मतदाता सूची आदि का अवलोकन किया। इस दौरान लाइजनिंग अधिकारी एच डी भारद्वाज भी उपस्थित थे।



# वोट देने ग्रामीणों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

लोकसभा जांजगीर-चांपा के अन्तर्गत गोपालपुर एवं क्षेत्र के सभी मतदाताओं ने सुबह से शाम तक वोट देने के लिए लंबी लाइन लगाकर अपने पाली का इंतजार करते रहे और मतदाताओं ने वोट देने के लिए बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उन्होंने भारत के नागरिक होने के कारण सरकार बनाने में अपना फर्ज इमानदारीपूर्वक निभाएं।

महिलाएं अपने दूध मुहे बच्चे को लेकर मतदान केंद्र पहुंचे और वोट दिया। इस दौरान किसी प्रकार के कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। सुरक्षा व्यवस्था तैनात थी। मतदाताओं ने निडर एवं भयमुक्त होकर अपने मत का उपयोग किया। गांव एवं क्षेत्र में बोट इस प्रकार पड़े। मतदान केंद्र गोपालपुर कुल मत 618, पड़े मत 470, गम्हरिया कुल मत 1247 पड़े मत 761, धोराभाठा कुल मत 1349 पड़े मत 852, पीपरभवना(ते.) कुल मत 524, पड़े मत 385, गिरसा कुल मत 1680, पड़े मत 999, सोनियाडीह कुल मत 478 पड़े मत 334, घोघरा कुल मत 475, पड़े मत 342, दुलापुर कुल मत 357 पड़े मत 228, दुरुंग कुल मत 2191, पड़े मत 1173, गाड़ा पाली कुल मत 596 पड़े मत 398, पीपरभवना कुल मत 603 पड़े मत 423।

# बच्चों ने शिविर में सीखे विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग भवन हिरमी में 2 मई से बाल व्यक्तित्व विकास शिविर आओ चले दिव्यता की ओर समर कैंप का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारी बहनों के साथ ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन, दिलेश्वर मढ़रिया, रंजनी वैष्णव सहित अन्य उपस्थित रहे। समर कैंप प्रत्येक दिवस सुबह 8 से 10 बजे तक नियमित चलता रहा। इसमें बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी, म्यूजिकल, एक्सरसाइज, खेल व मूल्यों पर आधारित कक्षाएं कराई गई। सभी बच्चों ने आनंद का अनुभव किया। बच्चों के मनोबल उत्साहवर्धन के लिए समय–समय पर अतिथियों का आगमन होता रहा। सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, बौद्धिक स्तर और खेलकूद गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम बनाती है। इन बातों को फोकस करते हुए संस्कार अभियान के तहत विभिन्न बालक-बालिकाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा मार्गदर्शन उन बिंदुओं पर दिया गया, जिसमें विकास को गति देते हुए खूबियों में निखार लाया जा सके। बच्चों की देखभाल के साथ आयु के अनुरूप देखरेख करते हुए उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभा विकसित करने और इस कार्य में पालक को जोड़कर उनका मार्गदर्शन करने के गुर सिखाए गए, ताकि देश का भविष्य कहे जाने वाले बच्चे कल के लिए तैयार करने में कोई कमी ना रहे। कार्यक्रम का समापन 9 मई को किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका नमिता दीदी ने कहा कि शिविर का उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व का विकास करना है। बच्चों में उनके अंदर छिपी प्रतिभा से अवगत कराना है। साथ ही शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए योग की विशेष जानकारी देना है।

■ आठ दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर में दी गई शिक्षा



### कार्यक्रम की झलकियां

कार्यक्रम में बच्चों के लिए खेलकूद सहित अनेक सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ, जिसमें भाषण, संगीत, नृत्य एवं नाटक तथा खेलकूद में लेमन रेस, बलून रेस, बकेट बॉल एवं व्हील बैरो रेस प्रमुख रही। दिलेश्वर मढ़रिया ने बच्चों को सीख दी और कहा विद्यार्थी के पांच लक्षण हैं– कौए की तरह चेष्टा, बगुले की तरह ध्यान, कुते की तरह नींद अल्पहारी, गृहत्यागी। सुखार्थी वा त्यजेत विद्या विद्यार्थी वा त्यजेत सुख। शिविर में बच्चों से विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें अव्वल आने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

# महाविद्यालय में मनाया गया विश्व रेडक्रॉस दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शासकीय महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस प्रभारी एवं इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आरएस पटेल के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य पीके भोई के निर्देशन में विश्व रेडक्रॉस दिवस (8 मई) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूके बरिहा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, विशिष्ट अतिथि डॉ. चंद्रिका चौधरी सहायक प्राध्यापक हिंदी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी यूथ रेडक्रॉस डॉ. आरएस पटेल ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को सर्वप्रथम विशिष्ट अतिथि डॉ. चंद्रिका चौधरी ने रेडक्रॉस के उद्देश्य, मानवता, निष्पक्षता, तटष्ठता, स्वतंत्रता, स्वैछिक सेवा, एकता एवं सार्वभौमिकता के बारे में बताते हुए आंग्ल-सिख युद्ध में सिख सैनिकों द्वारा किए गए मानवता के परिचय के बारे में विस्तार से बताया। पश्चात कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. आरएस पटेल ने रेडक्रॉस सोसाइटी के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की तथा विश्वास दिलाया कि आगामी शिक्षा सत्र में भी यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी कराया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूके बरिहा ने रेडक्रॉस सोसाइटी संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनेंट के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके उद्देश्य एवं किये गए कार्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। अंत में आभार प्रदर्शन अंकित यदु सहायक प्राध्यापक कंप्यूटर साइंस ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापकगण खिरोद्र डडसेना, सुष्मिता भोई, महाविद्यालय के कर्मचारीगण मेनका नायक, तारा बाई, दुर्गा चौहान, दुर्गाशंकर यादव, नीरज सागर एवं छात्र-छात्राएं सेत कुमार कोसरिया, राहुल, तोषवंत मेहेर सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



